38224 - ईद की रात और उसके दिन में संभोग करना

प्रश्न

ईद की रात और उसके दिन में संभोग करने का क्या हुक्म है (मेरा प्रश्न दोनों ईदों को शामिल है)? क्योंकि मैंने कुछ भाइयों-दोस्तों से सुना है कि यह जायज़ नहीं है।

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आप ने जो कुछ भाइयों-दोस्तों से सुना है वह सही नहीं है। ईद की रात और उसके दिन में संभोग करना जायज़ है। संभोग करना केवल रमज़ान में दिन के दौरान और हज्ज या उम्रा के लिए एहराम की हालत में हराम है, इसी तरह जब महिला मासिक धर्म या प्रसव की हालत में हो।

और अल्लाह तआला ही सर्वश्रेष्ठ ज्ञान वाला है।